तेरे दुःख दूर करेंगे राम

दूसरो का दुखड़ा दूर करने वाले, तेरे दुःख दूर करेंगे राम ।
किये जा तू जग में भलाई का काम, तेरे दुःख दूर करेंगे राम ।
पोंछ ले तू अपने आंसू तमाम, तेरे दुःख दूर करेंगे राम ॥

सच का है पथ ले धर्म का मार्ग, संभल संभल चलना प्राणी ।
पग पग पर है यहाँ रे कसौटी, कदम कदम पर कुर्बानी ।
मगर तू डावा डोल ना होना, तेरी सब पीर हारेंगे राम ॥

क्या तुने पाया, क्या तुने खोया, क्या तेरा लाभ है क्या हानि ।
इस का हिसाब करेगा वो इश्वर क्यूँ तू फिकर करे रे प्राणी ।
तू बस अपना काम किए जा, तेरा भण्डार भरेंगे राम ॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/322/title/doosron-ka-dukhda-door-karne-waale-tere-dukh-door-karenge-raam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |